महानगर नई दिल्ली शुक्रवार 11 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

# लश्कर के चार शीर्ष सरगना गिरफ्तार

लाहौर, 10 अक्तूबर (भाषा)।

**एफएटीएफ की बैठक**

पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजंसियों ने गुरुवार को आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपों में प्रतिबंधित लश्कर ए तैयबा/जमात उद दावा के शीर्ष चार नेताओं को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई इन संगठनों के पूरे शीर्ष नेतृत्व को कठघरे में खड़ा करने वाली है। बताते चलें कि मुंबई हमले के बाद लश्कर ए तैयबा ने अपना नाम बदल कर जमात उद दावा कर लिया था। लश्कर ए तैयबा/जमात बाकी पेज 8 पर

## 'आतंकी संगठनों का वित्तपोषण बंद हो'

संयुक्त राष्ट्र, 10 अक्तूबर (भाषा)।



येड़ला उमाशंकर

भारत ने आतंकियों और आतंकी समूहों को कुछ देशों की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष वित्त पोषण की कड़ी निंदा की है। भारत ने कहा है कि इन देशों की वजह से ही आतंकी अपनी गतिविधियों को अंजाम बाकी पेज 8 पर

## जम्मू-कश्मीर में तीन नेताओं की रिहाई

श्रीनगर, 10 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने राज्य का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद से हिरासत में लिए गए तीन नेताओं को गुरुवार को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यावर मीर, नूर मोहम्मद और शोएब लोन को विभिन्न आधारों पर रिहा किया गया है।

मीर राफियाबाद विधानसभा सीट से पूर्व विधायक रह बाकी पेज 8 पर

# 150 ट्रेनें और 50 स्टेशन निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर।



*हवाई अड्डों* की तर्ज पर होगा रेल सेवाओं का निजीकरण।
*रेलवे बोर्ड* की तरफ से नीति आयोग को भेजे गए मसविदे में बताई योजना।
*इस कार्य* के लिए जो टीम बनाई गई है, उसमें नीति आयोग, रेलवे बोर्ड सचिव, आर्थिक मामलों से संबंधित मंत्रालय के अधिकारी और आवास व शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे।

देश की पहली तेजस ट्रेन का संचालन निजी हाथों में देने के बाद अब रेल मंत्रालय ने 150 ट्रेन और 50 रेलवे स्टेशनों को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारियां तेज कर दी हैं। नई व्यवस्था को लागू करने के लिए मंत्रालय ने एक विशेष टीम का गठन किया है। यह विशेष टीम देशभर के स्टेशन व ट्रेन चयनित करेगी। हवाई अड्डों की तर्ज यह निजीकरण होगा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके. यादव ने यह जानकारी नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत को दी है।

**विशेष दल का गठन**

रेल मंत्री से हुई बैठक के बाद यह कार्य योजना तैयार की गई है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके. यादव की तरफ से भेजे गए पत्र में बताया गया है कि केंद्र सरकार देश के 400 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रही है। मंत्रालय ने हाल ही में कुछ स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई है।

रेल मंत्री से हुई चर्चा का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि देश के कम से कम 50 स्टेशन को निजी कंपनियों की मदद से संवारा जाएगा और इसपर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। यह फैसला देश के हवाई अड्डों की बाकी पेज 8 पर

## निजीकरण का कर्मचारियों ने किया विरोध

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर

रेलवे के निजीकरण, छंटनी व तमाम तरह के उपक्रमों को बंद किए जाने का रेल कर्मचारियों ने विरोध किया है। रेल मंत्री पीयूष गोयल के साथ नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन रेलवेमेंस (एनएफआइआर) के साथ बाकी पेज 8 पर

## अखाड़ा परिषद ने चिन्मयानंद का समर्थन किया

जनसत्ता संवाददाता/भाषा
देहरादून/शाहजहांपुर, 10 अक्तूबर।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने यौन उत्पीड़न मामले में फंसे स्वामी चिन्मयानंद को क्लीन चिट दे दी है।



स्वामी चिन्मयानंद

*परिषद* के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद को झूठा फंसाया गया है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की गुरुवार को कनखल स्थित बड़ा अखाड़ा उदासीन में संपन्न हुई महत्त्वपूर्ण बैठक में परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद को झूठा फंसाया गया है। कुछ लोग उन्हें ब्लैकमेल करने के इरादे से षड्यंत्र कर उन्हें फंसाने में जुटे हुए हैं। परिषद ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

महंत ने कहा कि जिस लड़की और तीन लड़कों ने स्वामी चिन्मयानंद की छवि खराब करने और उन्हें फंसाने का षड्यंत्र रचा है, उनको दंडित किया जाना चाहिए। गिरि ने कहा कि चिन्मयानंद के साथ अन्याय हो रहा है। हम उनके साथ खड़े हैं। देश में ऐसे कई गिरोह चल बाकी पेज 8 पर

पेज 14



**सबसे सफल मुक्केबाज बनीं मैरी कॉम**

## फोर्टिस के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर सहित चार गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर।



*आरएफएल* के कोष में 2,397 करोड़ रुपए की हेराफेरी का आरोप

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) ने गुरुवार को फोर्टिस हेल्थकेयर और रैनबैक्सी के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह (44) और तीन अन्य लोगों को रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के कोष में 2,397 करोड़ रुपए की कथित हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कंपनी के पूर्व बाकी पेज 8 पर

# सहयोग व साझेदारी के रास्ते तलाशेंगे मोदी-शी

मामल्लापुरम/बेजिंग, 10 अक्तूबर (भाषा)।





*चीन* के उप विदेश मंत्री लुओ झाओहुई ने शिखर वार्ता के बारे में मीडिया को बताया कि दोनों पक्षों के अधिकारियों ने शिखर वार्ता के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

**शिखर वार्ता**

कश्मीर मुद्दे पर भारत और चीन की कड़ी बयानबाजी से तनावपूर्ण हुए द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने की कोशिश के बीच चीन ने कहा है कि दोनों देश एक दूसरे के लिए किसी तरह का खतरा नहीं हैं।

भारत में चीनी राजदूत सुन वीदोंग ने कहा कि शुक्रवार से शुरू हो रही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अनौपचारिक शिखर वार्ता से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विकास की दिशा पर दिशानिर्देशक सिद्धांत समेत नई आम-सहमतियां उभर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि आम-सहमतियों का नया ढांचा उभर सकता है जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के बदलाव के लिए साझा दृष्टिकोण, क्षेत्रीय मामलों में चीन और भारत की साझा जिम्मेदारी एवं भूमिका तथा बाकी पेज 8 पर

### नीट परीक्षा से जुड़ा कर चोरी का मामला

# पूर्व उपमुख्यमंत्री के परिसरों पर आयकर छापे

बंगलुरु, 10 अक्तूबर (भाषा)।

आयकर विभाग के 300 से अधिक कर्मियों ने कर्नाटक में कांग्रेस के दो बड़े नेताओं -पूर्व उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर और पूर्व सांसद आरएल जलप्पा के पुत्र राजेंद्र से जुड़े परिसरों पर छापे मारे। परमेश्वर का परिवार सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का संचालक है जिसकी स्थापना उनके पिता एचएम गंगाधरैया ने 58 साल पहले की थी।

आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर से संबंधित कार्यालय, आवास और संस्थानों पर छापा मारने के साथ ही अधिकारियों ने उनके भाई जी शिवप्रसाद और निजी सहायक रमेश के आवास की भी तलाशी ली। राजेंद्र दोड्डाबल्लापुरा और कोलार में आरएल जलप्पा इंस्टीट्यूट चलाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि नीट परीक्षाओं से जुड़े मामले में करोड़ों रुपए की कर चोरी के संबंध में परमेश्वर और अन्य के ठिकानों पर यह छापेमारी की गई है।



*कर्नाटक* में विभिन्न स्थानों और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कुल 30 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है जिसमें 300 से अधिक आयकर अधिकारी शामिल हैं।

**कर्नाटक**

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में विभिन्न स्थानों और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कुल 30 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है जिसमें 300 से अधिक आयकर अधिकारी शामिल हैं। उनके साथ पुलिसकर्मी भी हैं। विभाग ने तुमकुर में एक न्यास के दो मेडिकल कॉलेजों में नीट की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के वास्ते अपनी जांच के तहत यह कदम उठाया है।

## ओल्गा तोकार्चुक, पीटर हंडके को साहित्य का नोबेल

स्टाकहोम, 10 अक्तूबर (एएफपी)।





पोलैंड की लेखिका ओल्गा तोकार्चुक ने गुरुवार को वर्ष 2018 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीता है। यौन उत्पीड़न विवाद के चलते इन पुरस्कारों की घोषणा में देरी हुई थी। साथ ही ऑस्ट्रियाई बाकी पेज 8 पर

## गुप्ता परिवार पर अमेरिकी पाबंदी

वाशिंगटन, 10 अक्तूबर (भाषा)।







अजय, अतुल और राजेश गुप्ता

अमेरिका ने 'भ्रष्टाचार का बड़ा नेटवर्क' चलाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के भारतीय मूल के गुप्ता परिवार पर गुरुवार को प्रतिबंधों का एलान किया। इस परिवार ने अपनी राजनीतिक पहुंच का फायदा रिश्वतखोरी, सरकारी बाकी पेज 8 पर

## सहकारी बैंकों के नियमन पर गठित होगी समिति

मुंबई, 10 अक्तूबर (भाषा)।



*पीएमसी* बैंक के नाराज खाताधारकों से मुलाकात के बाद वित्त मंत्री ने किया वादा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को गुरुवार को मुंबई स्थित सहकारी बैंक पीएमसी बैंक के उपभोक्ताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ा। बाद में उन्होंने संवादाता सम्मेलन में एक ऐसी समिति बनाने की घोषणा की जो सहकारी बैंकों की संचालन व्यवस्था में सुधार के सुझाव देगी। वित्त मंत्री ने यहां भाजपा कार्यालय के बाहर बैंक बाकी पेज 8 पर

**रेलवे की किरकिरी** दो दंपतियों ने ही खरीदे टिकट, कम यात्री होने से 14 अक्तूबर को नहीं जाएगी ट्रेन

# कड़वी साबित हुई करवाचौथ स्पेशल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर।

*इस विशेष* ट्रेन द मैजेस्टिक राजस्थान डीलक्स में विवाहित जोड़ों के लिए पांच दिन का यात्रा पैकेज 'ड्रीम हॉलिडे' रखा गया था। इसके तहत उन्हें राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराया जाता। इस ट्रेन को विशेषतौर पर करवाचौथ पर ले जाया जा रहा था। इसलिए इसे करवाचौथ स्पेशल का नाम दिया गया था। इस पर्यटन पैकेज के लिए 78 सीट आरक्षित की गई थी, लेकिन सिर्फ दो दंपतियों ने ही टिकट खरीदा।



करवाचौथ (14 अक्तूबर) को दिल्ली से राजस्थान के लिए नवविवाहित जोड़ों को भ्रमण पर ले जाने वाली विशेष ट्रेन (द मैजेस्टिक राजस्थान डीलक्स) के केवल चार ही टिकट बुक हुए हैं। केवल दो ही दंपतियों ने यह टूर पैकेज खरीदा है। टूर पैकेज के लिए अधिक यात्री नहीं मिलने की वजह से यह ट्रेन 14 अक्तूबर को रवाना नहीं होगी। आइआरसीटीसी के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस विशेष ट्रेन द मैजेस्टिक राजस्थान डीलक्स में विवाहित जोड़ों के लिए पांच दिन का यात्रा पैकेज 'ड्रीम हॉलीडे' रखा गया था। इसके तहत उन्हें राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराया जाता। इस ट्रेन को विशेषतौर पर करवाचौथ पर ले जाया जा रहा था। इसलिए इसे करवाचौथ स्पेशल का नाम दिया गया था। इस पर्यटन पैकेज के लिए 78 सीट आरक्षित की गई थी, लेकिन सिर्फ दो दंपतियों ने ही टिकट खरीदा। ट्रेन में विशेषतौर बाकी पेज 8 पर




# वक्त का तकाजा

कश्मीर के संदर्भ में चीन के ताजा रुख पर भारत की तुरंत और तीखी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है और इससे चीन के साथ-साथ पाकिस्तान को भी समझने की जरूरत है कि किसी भी देश के संप्रभु क्षेत्र की समस्याओं को अनावश्यक विस्तार देने से नई जटिलताएं खड़ी होती हैं। पाकिस्तान और चीन के बीच संबंध कैसे होंगे, इसके बारे में वही दोनों देश तय करेंगे। लेकिन जरूरत इस बात की है कि किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में गैरजरूरी तरीके से हस्तक्षेप से बचा जाए। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के ताजा भारत दौरे के लिहाज से देखें तो बेजिंग में पाकिस्तान और चीन की बैठक में कश्मीर मुद्दे को लेकर जताई गई चिंता के लिए जगह नहीं होनी चाहिए थी, क्योंकि भारत अपनी स्थितियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। फिर भी चीन के सरकारी मीडिया के मुताबिक यह खबर आई कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ बैठक में चीनी राष्ट्रपति ने कश्मीर में स्थिति की निगरानी करने की बात कही और उम्मीद जताई कि 'संबंद्ध पक्ष' शांतिपूर्ण वार्ता के जरिए मुद्दे का हल कर सकते हैं।

सवाल है कि जब भारत ने दुनिया के सामने यह साफतौर पर कहा है कि अपने संप्रभु क्षेत्र की स्थितियों को वह खुद ठीक कर सकता है और इसमें किसी अन्य की भूमिका नहीं है, उसके बावजूद चीन को इस तरह की बेमानी रुचि दर्शाने की जरूरत क्यों पड़ी! स्वाभाविक ही भारत की ओर से यह कड़ी प्रतिक्रिया आई कि इस मुद्दे पर नई दिल्ली के रुख से बेजिंग 'अच्छी तरह से अवगत' है और हमारे आंतरिक मामलों पर अन्य देश टिप्पणी न करें। वैश्विक तकाजों के मुताबिक देखें तो एक संप्रभु देश को दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए, उसके बाद ही उसे अपने लिए ऐसे रुख की उम्मीद करनी चाहिए। लेकिन कश्मीर के बहाने से पाकिस्तान ने लंबे समय से जिस तरह का रुख अपनाया हुआ है, उसे उचित नहीं कहा जा सकता। यों दुनिया के तमाम देशों को यह जानकारी होगी कि कश्मीर भारत का हिस्सा है तो इस मामले में किसी तीसरे को अपनी ओर से दखल देने की जरूरत नहीं है। लेकिन किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर या दूसरे देशों में मौका मिलते ही पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को विवादित बना कर पेश करने से नहीं चूकता है। उसकी ऐसी ही कोशिशों का नतीजा है कि कई बार कुछ देश कश्मीर के मसले पर भ्रमित हो जाते हैं।

यह संभव है कि हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के चीन दौरे में कुछ ऐसी बातें हुई हों, जिसके चलते चीन ने कश्मीर मामले में एक उलझा हुआ रुख सामने रखा। हालांकि पड़ोसी देश होने के नाते उससे यह उम्मीद की जाती है कि वह भारत की वास्तविकता और तकाजों को समझेगा और उसी के मुताबिक अपनी स्थिति साफ रखेगा। लेकिन विडंबना यह है कि पाकिस्तान से संबंध निभाने के क्रम में अगर वह भारतीय सीमाक्षेत्र की बुनियादी समस्याओं की अनदेखी करता है तो यह स्थितियों को जटिल ही बनाएगा। भारत ने कश्मीर के संबंध में कोई अहम फैसला किया और वहां के लोगों को इससे आपत्ति नहीं है, तो पाकिस्तान को चिंता जताने की जरूरत आखिर क्यों है? संयुक्त राष्ट्र में या फिर अमेरिका और चीन आदि के सामने इस समस्या को उलझाने की उसकी कोशिश से कोई सकारात्मक नतीजे नहीं अने वाले। फिर चीन की यह कोशिश होनी चाहिए कि पाकिस्तान से इतर वह भारत के साथ अलग-अलग स्तर पर अपने संबंधों को नया आयाम दे।

# अब पलटी

जब से जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटा है, कांग्रेस लगातार सरकार का विरोध कर रही है। मगर वह ऊपर से यह भी दिखाने का प्रयास करती रही है कि लोकतंत्र में उसका पूरा भरोसा है। यही वजह है कि जब वहां ब्लाक विकास परिषद यानी बीडीसी के चुनाव की घोषणा हुई तो उसने उसमें हिस्सा लेने का एलान कर दिया। मगर अब उसने इन चुनावों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। उसका तर्क है कि सरकार लगातार उसके नेताओं को नजरबंदी में रखे हुई है और उन पर तरह-तरह की पाबंदियां लगा कर परेशान कर रही है, इसलिए वह बीडीसी चुनावों का बहिष्कार करेगी। उसका कहना है कि नजरबंदी के चलते उसके नेता चुनाव की अपेक्षित तैयारियां नहीं कर पाए, सरकार ने इरादतन ऐसा किया ताकि उसकी पार्टी चुनाव जीत जाए। गौरतलब है कि जब बीडीसी चुनावों की घोषणा हुई थी, तो कांग्रेस ने पैंथर्स पार्टी के साथ मिल कर चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया था। हैरानी की बात है कि तब उसे ऐसा नहीं लगा कि उसके नेता अपेक्षित तैयारी नहीं कर पाए हैं। अगर वास्तव में उसे नजरबंदी पर एतराज था तो वह अपने उस मुद्दे पर अड़ी रहती। यह क्या कि लोकतांत्रिक भी दिखना चाहती है और चुनावों का विरोध भी कर रही है।

जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया गया, तो घाटी में अशांति की आशंका के मद्देनजर कर्फ्यू लगा दिया गया। राजनेताओं के राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने पर पाबंदी लगा दी गई। कई विपक्षी नेताओं को उनके घर में ही रखा गया। जब यह स्थिति लंबी खिंचने लगी तो विपक्षी दलों ने शोर मचाना शुरू किया कि इस तरह घाटी के लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इससे संबंधित शिकायतें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पहुंचीं। हालांकि उन शिकायतों का कोई उल्लेखनीय असर नहीं हुआ। फिर केंद्र ने स्थितियों को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से कर्फ्यू में ढील देनी शुरू की, विपक्षी नेताओं पर से पाबंदियां हटानी शुरू कर दी। पहले जम्मू संभाग के नेताओं को मुक्त किया गया, फिर कश्मीरी नेताओं पर से कुछ पाबंदियां हटाई गईं, जिसके तहत नेशनल कान्फ्रेंस के नेता आपस में मिल कर विचार-विमर्श भी कर चुके हैं। धीरे-धीरे जनजीवन सामान्य हो रहा है। दुकानें खुलने लगी हैं, लोग दफ्तर लौटने लगे हैं, स्कूल खुलने लगे हैं। इस तरह मौलिक अधिकारों के दमन की बात काफी हद तक बेमानी नजर आने लगी है। फिर भी कांग्रेस की चुनावों में हिस्सा न लेने की घोषणा हैरान करने वाली है।

सरकार की नीतियों, उसके फैसलों पर असहमति दर्ज कराना विपक्षी दलों का धर्म है, पर चुनावों में हिस्सा न लेने का उनका फैसला एक तरह से उनके लोकतंत्र में अविश्वास को ही रेखांकित करता है। विशेष दर्जा हटने के बाद यह जम्मू-कश्मीर में पहला चुनाव है। इससे न सिर्फ लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का मौका मिल रहा है, बल्कि इससे उनके भरोसे को भी बढ़ाने में मदद मिलेगी। लिहाजा, सभी राजनीतिक दलों से स्वाभाविक अपेक्षा की जाती है कि ऐसे नाजुक मसलों पर एकजुटता जाहिर करें। फिलहाल कश्मीरी लोगों का हौसला बढ़ाने का समय है। इसके लिए जरूरी है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल किया जाए। यह तभी संभव है, जब अपने राजनीतिक स्वार्थों को अलग रख कर मुख्यधारा की सभी पार्टियां चुनावों में शिरकत करें। कांग्रेस के ताजा फैसले से उसमें अवरोध ही उत्पन्न होगा।

## कल्पमेधा

हमारी रुचि जीवन की कसौटी
है और हमारी इंसानियत
की पहचान।
- रस्किन


# क्षेत्रीय विकास की रणनीति

विवेक ओझा

**उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों के हित में भारत-चीन के नेतृत्व में एनडीबी ने हाल में कुछ बड़े फैसले किए हैं। इस साल अगस्त में बैंक ने डॉलर के बजाय स्थानीय मुद्रा में कर्ज देने का निर्णय किया है। एनडीबी के अध्यक्ष ने हाल में कहा भी था कि निकट भविष्य में इस बैंक की पचास फीसद परियोजनाओं को पैसा स्थानीय मुद्रा में दिया जाएगा। इससे अमेरिका सहित यूरोपीय देशों के समक्ष यह संदेश जाएगा कि विकासशील देश भी अपने आर्थिक हितों के लिए सक्रिय हैं।**

हाल में भारत और ब्रिक्स बैंक, जिसे अब न्यू डवलपमेंट बैंक (एनडीबी) कहते हैं, की संयुक्त कार्यशाला दिल्ली में हुई थी। इसका उद्देश्य भारत के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को एनडीबी से अधिक से अधिक जुड़ाव का अवसर देना था, ताकि विकास के लिए वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। यह एक महत्त्वपूर्ण पहल इसलिए मानी जा रही है क्योंकि विकासशील देशों में विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय जरूरतों को पूरा करना जरूरी हो गया है। इसके कुछ ही समय बाद आंध्र प्रदेश की ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए ब्रिक्स बैंक ने चौंसठ करोड़ साठ लाख डॉलर के कर्ज को मंजूरी दी। इससे राज्य में सड़कों का जाल तैयार किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2000 में अपनाए गए आठ सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्यों का आठवां प्रमुख लक्ष्य विकास के लिए वैश्विक साझेदारी था। वर्ष 2002 में मेक्सिको के मोंटेरी में वित्तीय सहयोग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। इसके बाद 2008 में कतर की राजधानी दोहा में और फिर 2015 में इथियोपिया की राजधानी आदिस अबाबा में भी विकास के लिए वित्तीय सहयोग का वैश्विक आह्वान किया गया था।

जब वर्ष 2015 में सत्रह सतत विकास लक्ष्यों वाला एजेंडा-2030 संयुक्त राष्ट्र ने अपनाया तो उसमें भी सत्रहवें लक्ष्य के रूप में लक्ष्य प्राप्ति के लिए सामूहिक साझेदारी को चुना गया था। ब्रिक्स का न्यू डवलपमेंट बैंक यानी एनडीबी विकास के लिए इसी वित्तीय सहयोग की अवधारणा पर स्थापित किया गया था और इसी पर काम भी कर रहा है। वास्तव में वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर विकास की परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए आज कई विकास बैंक और वैश्विक आर्थिक संगठन काम कर रहे हैं। इसी क्रम में उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं यानी ब्रिक्स देशों में विकास को बढ़ावा देने में एनडीबी की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है। उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों के हित में भारत-चीन के नेतृत्व में एनडीबी ने हाल में कुछ बड़े फैसले किए हैं। इस साल अगस्त में बैंक ने डॉलर के बजाय स्थानीय मुद्रा में कर्ज देने का निर्णय किया है। एनडीबी के अध्यक्ष ने हाल में कहा भी था कि निकट भविष्य में इस बैंक की पचास फीसद परियोजनाओं को पैसा स्थानीय मुद्रा में दिया जाएगा। इससे अमेरिका सहित यूरोपीय देशों के समक्ष यह संदेश जाएगा कि विकासशील देश भी अपने आर्थिक हितों के लिए सक्रिय हैं। इससे इन देशों की विकसित देशों से सौदेबाजी की क्षमता में भी वृद्धि होगी।



एनडीबी ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं के प्रगति के संवाहक के रूप में वैश्विक पहचान कायम कर ली है। जापान क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने ब्रिक्स को 'ट्रिपल ए' के साथ वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक रेटिंग दी है। इसके अलावा अगस्त, 2019 में ही एनडीबी ने कहा कि दस फीसद जीडीपी वृद्धि दर के साथ भारत पांच खरब डॉलर अर्थव्यवस्था बन सकता है। एनडीबी की स्थापना के पीछे मकसद विकासशील देशों के लिए बड़ा आर्थिक मंच तैयार करना था। वर्ष 2012 में नई दिल्ली में ब्रिक्स के चौथे शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों ने विकास परियोजनाओं और ढांचागत विकास के लिए एनडीबी जैसे बैंक के गठन की संभावना पर विचार किया था। 2013 में डरबन में पांचवें ब्रिक्स सम्मेलन में वित्त मंत्रियों की रिपोर्ट के बाद एनडीबी के गठन पर काम शुरू हुआ और 2014 में ब्राजील में छठे सम्मेलन में इसकी स्थापना के लिए सदस्य देशों ने करार पर हस्ताक्षर किए थे। इस प्रकार ब्राजील उद्घोषणा के साथ ही औपचारिक और आधिकारिक स्तर पर इस बैंक के गठन की घोषणा हुई। इस उद्घोषणा में साफ किया गया कि यह वैश्विक स्तर के बहुपक्षीय और क्षेत्रीय वित्तीय संस्थाओं के विकासात्मक कार्यों में सहयोगी और अनुपूरक का काम करेगा। इस प्रकार यह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी संस्थाओं को प्रतिद्वंदी मानने वाला बैंक नहीं है। सात जुलाई, 2015 को रूस में ब्रिक्स के सम्मेलन में एनडीबी एक वैधानिक इकाई के रूप में अस्तित्व में आ गया था। इसका मुख्यालय चीन के औद्योगिक शहर शंघाई में रखा गया है। आज यह सौ अरब डॉलर पूंजी वाला बैंक हैं।

न्यू डवलपमेंट बैंक एक आज एक अंतराष्ट्रीय संगठन का रूप ले चुका है। इसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की हिस्सेदारी है। हालांकि इस बैंक की बड़ी विशेषता यह है कि इसका दायरा ब्रिक्स देशों तक ही सीमित नहीं रखा गया है। इसके संविधान में दूसरे देशों को सदस्य बनाने का भी रास्ता खुला रखा गया है। इसलिए एनडीबी के आर्टिकल ऑफ एग्रीमेंट में साफ कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश एनडीबी के सदस्य बन सकते हैं। बस शर्त यह होगी कि ब्रिक्स देशों की इस बैंक में हिस्सेदारी, मताधिकार के पचपन फीसद से कम किसी भी हाल में नहीं होगी। इस बैंक में सभी पांचों देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की शेयरधारिता और मताधिकार बीस फीसद है। बैंक की चौथी वार्षिक बैठक इस साल एक अप्रैल को केपटाउन में हुई थी। इसमें कहा गया कि बैंक का मुख्य उद्देश्य सतत विकास को और विकास की सतत अवसंरचना को बढ़ावा देना है। इस बैठक में यह ऐलान किया गया था कि क्रय शक्ति समता की दृष्टि से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में ब्रिक्स देशों की हिस्सेदारी वर्ष 2010 के तीस फीसद से बढ़ कर अब छत्तीस फीसद हो गई है। बैठक में एनडीबी की उपलब्धियां बताते हुए कहा गया कि 2017 के अंत तक विविध तेरह परियोजनाओं के लिए 3.4 अरब डॉलर के कर्ज दिए जा चुके हैं। इसके अगले साल यानी 2018 में सत्रह परियोजनाओं को साढ़े चार अरब डॉलर से ज्यादा का कर्ज दिया गया। एनडीबी अब तक कुल तीस विकास परियोजनाओं को कर्ज मंजूर कर चुका है जिसकी रकम आठ अरब डॉलर से ज्यादा बैठती है।

एनडीबी ने जो कर्ज दिए हैं उनमें साठ फीसद कर्ज नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं के लिए हैं और इसमें परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा, जल और स्वच्छता प्रबंधन और शहरी विकास को जोड़ दिया जाए तो यह अस्सी फीसद से अधिक हो जाता है। इस प्रकार यह बैंक सतत विकास और एजेंडा-2030 के हिसाब से सत्रह सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में सक्रिय हो कर काम कर रहा है। 2018 में इस बैंक को 'एए प्लस' की रेटिंग भी मिल चुकी है। इस रेटिंग से बैंक की पहुंच वैश्विक पूंजी बाज़ार तक अनुकूल शर्तों के साथ हो गई है। सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाते हुए एनडीबी ने 2019 में अपने द्वारा दिए जाने वाले कर्ज की मात्रा दोगुनी यानी सोलह अरब डॉलर करने की घोषणा भी की है। बैंक ने चीनी इंटरबैंक बॉन्ड मार्केट से तीन अरब डॉलर मूल्य वाले बांड जारी किए है। बैंक अब दक्षिण अफ्रीका, भारत और रूस में स्थानीय मुद्रा बांड जारी करने की योजना भी बना रहा है। बैंक इक्विटी निवेश भी शुरू करने और परियोजना कोष को कार्यशील बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस तरह के वैश्विक-क्षेत्रीय बैंक आर्तिक संकट से जूझ रहे देशों को मदद के लिहाज से भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। आज दुनिया के ज्यादातर देश मंदी का सामना कर रहे हैं। भारत में आर्थिक मंदी से निपटने के लिए निवेश और खपत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में एनडीबी जैसे बैंक विकासशील देशों की चुनौतियों से निपटने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

# आस्था और विश्वास

बृजमोहन आचार्य

**दुनिया मेरे आगे**

हमारे देश में असंख्य देवी-देवताओं को पूजा जाता है और इससे जुड़े मेले लगते रहते हैं। एक प्रकार से अपने यहां आध्यात्मिक नदी की धारा निरंतर बहती रहती है। हर उम्र और वर्ग के लोग किसी न किसी श्रद्धा के कारण अपने-अपने इष्ट देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। लेकिन जब परीक्षाओं का दौर आता है तब इसका जोर बच्चों पर भी देखा जाता है। सही है कि परीक्षा के परिणाम में अच्छे अंक हासिल हों, इसलिए विद्यार्थी अपनी काबिलियत के अनुसार मेहनत करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। अभिभावक भी अपने बच्चे को उच्च अंक दिलाने के लिए बच्चे की तरह ही परिश्रम करते हैं और उसकी पढ़ाई का पूरा ध्यान रखते हैं। इन सबके बावजूद कई विद्यार्थियों को यह विश्वास नहीं होता कि वे उच्च अंक से परीक्षा में अपना परचम फहरा सकेंगे। इसके लिए वे अपने तय पाठ्यक्रम के साथ ईश्वर की आराधना भी करते हैं। हालांकि बच्चों को शुरू से ही पूजा-अर्चना और भगवान में विश्वास और श्रद्धा करने के लिए संस्कारों का पाठ पढ़ाया जाता है।

मैं भी शुरू से ही धार्मिक प्रवृत्ति होने के नाते धार्मिक स्थानों पर जाता रहता हूं। मुझे परीक्षा के दौरान बच्चे को छोड़ने के लिए उसके परीक्षा केंद्र तक जाना पड़ता था। एक दिन बीच रास्ते में मंदिर होने के कारण बच्चा परीक्षा केंद्र जाने से पहले मंदिर की चौखट चूमने के लिए रुक गया था। मैं सोचने को मजबूर हो गया कि मंदिर आदि धार्मिक स्थलों से दूर रह कर केवल मोबाइल और बाइक के बारे में बातचीत करने वाले बच्चे के भीतर अचानक धार्मिक प्रवृत्ति कैसे जागृत हो गई। लेकिन जब मंदिर में प्रवेश किया तो मैंने देखा कि वहां उन बच्चों की भीड़ ज्यादा थी जो सिर्फ परीक्षा के मौसम में ही मंदिर आते हैं। जब मंदिर निकल रहा था तो मेरी नजर दीवार पर गई, जहां अनेक विद्यार्थियों ने ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास के कारण अपने नाम लिख दिए थे। साथ ही परीक्षा में उतीर्ण करने की गुजारिश भी लिख दी थी।

अब उन विद्यार्थियों को कौन समझाए कि परीक्षा में साल भर की गई मेहनत काम आती है। लेकिन जब अपनी पढ़ाई और तैयारी पर भरोसा नहीं होता है तो बच्चे किसी चमत्कार की उम्मीद में ऐसा करते हैं। दिलचस्प यह है कि परीक्षा को बहुत सारे एक संकट के तौर पर देखते हैं, इसलिए मंदिरों में विद्यार्थियों के बीच मुझे यह देखने को मिला कि उनमें से ज्यादातर हनुमान के प्रति ही अपेक्षया अधिक श्रद्धा प्रदर्शित कर रहे थे। बात करने पर पता चला कि हनुमान चालीसा में लिखा हुआ है कि 'संकट से हनुमान छुड़ाए, मन, क्रम, वचन ध्यान जो लावै।'

स्कूली जीवन में बच्चों की उम्र इतनी नहीं होती है कि उनके कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ लाद दिया जाए और वे समय से पहले ही संकट में दब जाएं। इसके अलावा, अभिभावक भी बच्चों को भगवान के प्रति आस्थावान होने की सलाह देते रहते हैं। जब बच्चा परीक्षा देने के लिए घर से रवाना होता है तो उसे गाय को गुड़ खिलाने के लिए दिया जाता है और खुद उन्हें दही और गुड़ खिला कर रवाना किया जाता है, ताकि परीक्षा में प्रश्न-पत्र सही तरीके से हल हो सके। यह सब अंधविश्वास की वजह से किया जाता है, लेकिन अभिभावकों को ऐसा लगता है कि दही खिला कर भेजने से बच्चे का प्रश्न पत्र अच्छा होगा। बच्चे भी जो आमतौर पर अपनी हर बात पर जिद पर अड़ जाते हैं, परीक्षा के मौसम में जिद को छोड़ कर आस्था के भरोसे ही आगे बढ़ने की उम्मीद पाल बैठते हैं।

हालांकि साल भर मेहनत करने और पढ़ाई में व्यस्त रहने वाले विद्यार्थियों को मालूम होता है कि परीक्षा में उनकी पढ़ाई ही काम आएगी, फिर भी 'परीक्षा के खौफ' से भयभीत होने और परिणाम आने के पहले तक वे भगवान की दहलीज पर अपना मत्था टेकने जाते रहते हैं। कई विद्यार्थी व्रत और उपवास करना भी नहीं भूलते है। आस्थावान होना या मंदिर की चौखट पर अपनी हाजिरी देना निजी विश्वास हो सकता है। लेकिन परीक्षा या फिर संकट के समय अपनी मेहनत और बुद्धि पर भरोसा रखना चाहिए। धार्मिक स्थानों पर लोग सद्विचार, सकारात्मक ऊर्जा और समाजसेवा जैसे काम करने की उम्मीद से ही पहुंचते हैं। दूसरी ओर यह भी सही है कि कुछ बाबाओं ने बुरे कर्म करके धार्मिक स्थलों और आश्रमों को शोषण और ठगी का अड्डा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह है कि अब बहुत सारे सोचने-समझने वाले लोगों का ऐसे बाबाओं से भरोसा उठ गया है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि समाज बुरा नहीं होता, उसे राह दिखाने के नाम पर कुछ संत या बाबा कहे जाने वाले लोग कई बार बेईमानी करते हैं। इसलिए जब बच्चा अंगुली पकड़ कर चलना सीख जाए तो उसके बाद उसके भीतर नैतिकता और आस्था के भाव के साथ खुद पर भरोसा करने का भी पाठ पढ़ाया जाए, ताकि परीक्षा पास करने के लिए वह अपने और अपनी पढ़ाई पर विश्वास करे।

## लूट की होड़

भारत की आम गरीब जनता पहले से ही यहां मजबूती से अपने पांव जमाए जमाखोरों, सूदखोरों, शिक्षा माफिया-भूमाफिया, ब्लैक मार्केटिंग करने वालों, तस्करों, चोरों से त्रस्त और परेशान थी। अब जनसुविधा और जनकल्याण के नाम पर जनता को लूटने-खसोटने की कोशिश लगातार चल रही है। मसलन, भारतीय रेलवे के माध्यम से आम जनता से पैसा वसूली ऐसा काम किया जा रहा है, जिसके पीछे उचित तर्क नहीं दिख रहा।

कुछ समय पूर्व भारत सरकार के नीति-निमार्ताओं ने जोर-शोर से यह घोषणा की थी कि हम भारतीय रेलवे में भी विभिन्न एयरलाइंस की तरह फ्लैक्सी या डायनेमिक किराया लागू करेंगे। अब आम गरीब जनता को कैसे इस नई व्यवस्था में लूटा जा रहा है, वह रोज देखने को मिल जाता है। सरकार ने छठ, दीपावली या दशहरे जैसे त्योहारों के मौके पर भारतीय रेलवे की तरफ से खूब प्रचार किया था कि वह आम जनता की सुविधा और सहूलियत के लिए जरूरत भर की 'सुविधा' ट्रेनें चला रही है। इन ट्रेनों में डायनेमिक किराया लागू है। इस त्योहारी मौसम में भारत का कोई गरीब व्यक्ति भी अपनी नौकरी से साल में कम से कम एक बार अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी के साथ त्योहार मनाए। जाहिर है, इस समय कई करोड़ लोग भारत की जीवन रेखा कही जाने वाली भारतीय रेल से ही यात्रा करना पसंद करते हैं। रेल यात्रा का विकल्प भी उनके पास नहीं है।

ट्रेनों के फ्लेक्सी या डायनेमिक किराए में चाल यह है कि जो रेलयात्री अपनी यात्रा तिथि के मुताबिक किसी मजबूरी में जितना नजदीक यात्रा टिकट लेगा, वह उतना ही महंगा होता जाएगा। मसलन जयपुर से सूरत का किराया 5000 रुपए से भी ज्यादा हो जा सकता है! अब प्रश्न है कि सरकार के नीति-नियंता आम जनता को सुविधा दे रहे हैं या लूट रहे हैं! दूसरी तरफ सरकार चुपचाप बड़े पूंजीपतियों के जानबूझ कर बैंकों से लिए कर्ज को न चुकाने पर लाखों करोड़ रुपए आसानी से 'माफ' कर देती है। इसकी क्या सफाई है?

अब सोचने वाली बात है कि वर्तमान में यह कथित लोकतांत्रिक सरकार कितनी लोकतांत्रिक और लोकहितकारी है! कितने दुख और अफसोस की बात है कि भारत की सरकारें यहां के नीति-निर्धारक और कथित अर्थशास्त्री विकसित देशों की नीतियों का अनुसरण करने में देर नहीं करते, जिनकी वजह से आम गरीब भारतीय का और भी शोषण होने लगता है। जबकि विकसित देशों में जनकल्याणकारी कार्यों का मतलब वहां की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था निशुल्क है। वहां की सड़कें, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, रेल यातायात की व्यवस्था गुणात्मक रूप से इतनी अच्छी हैं कि वहां का आम आदमी का जीवन बहुत ही सुख और शांति से बीतता है। फिर मन में यह बात बार-बार कौंधती है कि हमारे देश की सरकारें विकसित देशों की इन अच्छी चीजों की नकल क्यों नहीं करतीं?

● *निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

## सुकून के लिए

आजकल अखबारों में दिल्ली सरकार के बड़े-बड़े विज्ञापनों में दिल्ली में प्रदूषण कम होने का दावा किया गया है। इसके कारण प्रदूषण की व्यापक समस्या पर फिर से बहस शुरू हो गई है। गौरतलब है कि पिछले चार-पांच सालों से दिल्ली में अक्तूबर-नवंबर माह में दिवाली, पटाखे, पराली, औद्योगिक संयंत्र, वाहनों और निर्माण कार्य के चलते प्रदूषण और पार्टिकुलेट मैटर 2.5 का बढ़ता स्तर जानलेवा होता जा रहा है। इस समय पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान अगली गेहूं की फसल लगाने की जल्दी में धान की खेती के अवशेषों को खेतों में ही जला देते हैं, जिससे उत्तर भारत के बड़े क्षेत्र में प्रदूषण हो जाता है। ये प्रदूषित हवा बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को बहुत नुकसान पहुंचाती है।

हालांकि राष्ट्रीय हरित पंचाट पराली को 2015 में ही प्रतिबंधित कर चुका है, फिर भी पराली जलाने की घटनाएं बंद नहीं हुई हैं। केंद्र ने भी अपने स्तर पर इस समस्या से निपटने के लिए अलग से कोष बनाया है, जिससे करोड़ों रुपए की सहायता राशि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश को जारी की गई है, ताकि किसान को आर्थिक मदद देकर पराली जलाने की बजाय उसे वैज्ञानिक एवं तकनीकी मदद से निष्पादित किया जा सके।

लांसेट प्लेनेटरी हेल्थ जर्नल की ग्लोबल स्टडी बताती है कि भारत में प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। इसमें जीवन प्रत्याशा में कमी से लेकर सांस, मधुमेह, दिल और स्ट्रोक से होने वाली मौतें शामिल हैं। अब समय आ गया है कि दिल्ली सरकार और केंद्र मिल कर इस प्रदूषण की समस्या से युद्धस्तर पर लोहा लें, ताकि अमूल्य जानें बचें और दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा मिले और वे सुकून की सांस ले सकें।

● *बिजेंद्र कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय*

## सहयोग का पर्व

साल में सिर्फ एक बार यह त्योहार आता है, जब पूरा परिवार अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकाल कर एक साथ हो जाता है। एक दूसरे के लिए उपहार लाना, भरपेट मिठाइयां खाना, घर-घर जाकर मिठाइयां और खुशियां बांटना, रंग-बिरंगी रंगोली बनाना, नए-नए कपड़े खरीदना-बनवाना, घर की पूरी साफ-सफाई करना, परिवार के साथ बैठकर खुशियां बांटना, पुराने किस्से दोहराना, भरपेट मिठाइयां खाना, भाई-बहनों के साथ मिल कर तरह-तरह के खेल खेलना और भगवान को शुक्रिया अदा करना। यही असली मतलब है दीवाली का।

मगर हम इस त्योहार को मनाते हुए लोग दूसरों की जिंदगी क्यों ले लेते हैं? हम जो महंगे-महंगे पटाखे खरीद कर आतिशबाजी करते हैं, वह हमारे वातावरण को बहुत हानि पहुंचाता है। प्रदूषण वाली हवा को जब हमारे पशु-पक्षी अपने अंदर खींचते हैं, तब वे मरते हैं। इसी जहरीली हवा को जब हम भीतर खींचते हैं तब हमें टीबी और कैंसर जैसी बीमारियां हो जाती हैं। ऊपर से जो पैसे हम पटाखों पर खर्च करते हैं, हम उनसे गरीबों के लिए मिठाइयां और कपड़े लाने के काम में ला सकते हैं। ऐसा न करके हम लाखों जीवों की जान बचा सकते हैं, साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों की भी मदद कर सकते हैं।

● *मन्नत साहू, गुरुग्राम, हरियाणा*



## नई फिल्म

- द स्काई इज पिंक
- लाल कप्तान
- लूटकेस



## बॉक्स ऑफिस

| फिल्म | कुल कमाई |
|---|---|
| वॉर | 217.5 करोड़ |
| जोकर | 35.25 करोड़ |
| ड्रीम गर्ल | 132.15 करोड़ |
| छिछोरे | 138.9 करोड़ |

10 अक्तूबर तक की कमाई



## जन्मदिन

- रोनित रॉय 11 अक्तूबर
- अली फजल 15 अक्तूबर
- हेमा मालिनी 16 अक्तूबर
- सिमी गरेवाल 17 अक्तूबर

# जन्मदिन पर तोहफे जमा करता था : अमिताभ

आरती सक्सेना

**सदी के महानायक अमिताभ बच्चन 11 अक्तूबर को 77 साल के हो रहे हैं। सिनेमाजगत के साथ प्रशंसक भी उनका जन्मदिन बड़े धूम-धाम से मनाते हैं। हिंदी फिल्मजगत में अपना अलग मकाम रखने वाले बिग बी को हाल ही में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसलिए माना जा रहा है कि उनका यह जन्मदिन कुछ खास रहेगा। जन्मदिन को लेकर बिग बी से हुई बातचीत के प्रमुख अंश ...**

**सवाल :** अमित जी आप अपने जन्मदिन को लेकर कितना उत्साहित रहते हैं ?

● एक जमाना था जब मैं अपने जन्मदिन को लेकर इतना उत्साहित हुआ करता था कि एक महीने पहले से ही दिन गिनना शुरू कर देता था। उन दिनों बाबूजी, हरिवंश राय बच्चन, मेरा जन्मदिन मनाया करते थे और मैं तोहफे जमा किया करता था। अब वैसा उत्साह नहीं है लेकिन परिवार वाले और मेरे प्रशंसक उत्साहित रहते हैं, जिनकी वजह से आज भी मैं अपने आप को जवां महसूस करता हूं। इस बार भी मेरे बर्थ डे को लेकर मेरे परिवार वालों की ही प्लानिंग है मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता।

**सवाल :** जन्मदिन के तोहफों को लेकर क्या कहेंगे?

● मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा मेरे प्रशंसकों का प्यार है जो मुझे पिछले कई सालों से मिल रहा हैं। मेरे पास मेरे कई प्रशंसकों की मेहनत से बनाई बर्थ डे गिफ्ट यादगार के तौर पर मौजूद हैं। इसके अलावा परिवार वालों के भी अनोखे गिफ्ट मिलते हैं। एक जन्मदिन पर तो मेरी पत्नी जया ने मेरे लिए जोरदार पार्टी का आयोजन किया था। अभिषेक ऐश सभी से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते रहते हैं। मेरे नाती भी मुझे अच्छे कार्ड्स गिफ्ट करते हैं जो मैंने संभाल के रखे हैं।

**सवाल :** क्या आपने कभी सोचा था कि आपका जन्मदिन पूरा देश मनाएगा ?

●नहीं मैंने ऐसा कभी नहीं सोचा था। शुरुआती दिनों में तो मैं अभिनेता बनूंगा, इसकी भी कोई गारंटी नहीं थी। मैं अपने आप को खुशनसीब मानता हूं जो मुझे इतने सारे लोगों का प्यार मिल रहा है उन्हीं के प्यार का ही नतीजा है कि मैं आज भी फिल्मों में सक्रिय हूं। मेरा अपने प्रशंसकों से वादा है कि जब तक सांस है मैं अभिनय से जुड़ा रहूंगा।

**सवाल :** आपको दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसे लेकर आप कैसा महसूस कर रहे हैं ?

●खुशी की बात है कि मुझे इस लायक समझा गया कि मुझे इतने महान पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। मुझे खुशी है कि मैं दादा साहेब फाल्के जैसे महान इंसान के नाम पर बने पुरस्कार से सम्मानित किया जाने वाला हूं। इस पुरस्कार के लिए मैं कृतज्ञ हूं, परिपूर्ण हूं, आभारी हूं और विनम्र हूं।

**सवाल :** सिनेमा के साथ आपने टीवी पर भी सफलता भी प्राप्त की है और दोनों माध्यमों में सक्रिय हैं। यह कैसे संभव हो पाता है?

●मैं बस अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करना पसंद करता हूं। मेरी नजर में कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं है। यही वजह है कि मुझे सफलता मिलती है।

मैं अपने किसी भी कार्य को चुनौती नहीं बल्कि अपना अगला अध्याय समझ कर स्वीकारता हूं। बाकी सब कुछ भगवान पर छोड़ देता हूं ।

**सवाल :** आपकी ईश्वर में श्रद्धा है। क्या आप अपने जन्मदिन पर मंदिर जाना पसंद करते हैं?


●मेरी भगवान में श्रद्धा है। मैं तिरुपति बाला जी के दर्शन करने नियमित रूप से जाता हूं। मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में भी जाता हूं। लेकिन जहां तक जन्मदिन पर सवाल है तो उस दिन मैं अपने घर के मंदिर में पूजा करता हूं।

**सवाल :** ट्विटर पर आपके लिखे ब्लॉग काफी पसंद किए जाते हैं। क्या आप भविष्य में कभी बतौर लेखक कुछ करना चाहेंगे?

●मुझे नहीं लगता कि मेरे अंदर एक सक्षम लेखक है। ब्लॉग और सोशल मीडिया मैंने ऐसे ही शुरू किया था क्योंकि मैंने इसके बारे में काफी सुना था। लेकिन कुछ सालों मे दो करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा प्रशंसकों की बदौलत अब इसकी आदत पड़ गई है। इस माध्यम पर अपने दोस्तों और प्रशंसकों को मैं अपना परिवार मानता हूं।

**सवाल :** आपके अब तक के करिअर में कई कलाकारों के साथ काम किया। वे कौनसे कलाकार हैं जिनके साथ काम करके आपको खुशी मिली, लगता है जैसे सपना सच हो गया?

●मैं दिलीप कुमार साहब का बहुत बड़ा फैन हूं। मेरा तो मानना है कि अगर कभी फिल्म इतिहास लिखा गया तो दिलीप साहब का नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाना चाहिए। लेकिन वो मेरी प्रेरणा रहे। मैंने उनसे अभिनय के गुर सीखे। 'शक्ति' में उनके साथ काम कर लगा कि जैसे भगवान ही मिल गए। यह आज भी मेरी पंसदीदा फिल्म है। इसका एक- एक सीन मेरे दिल में बसा हुआ है।




जन्मदिन मुबारक

# नाच-एक तनी हुई रस्सी जिस पर मैं नाचता हूं

शशिप्रभा तिवारी

साहित्य और कलाओं का आपस में गूंथना है। कल्पना की ये दोनों धाराएं जब एक साथ मिलती हैं तब सृजन को एक नया आयाम मिलता है। वैसे भी मान्यता है कि साहित्य और कलाएं भारतीय संदर्भ में एक-दूसरे की सहचरी हैं। हाल ही में इसकी झलक क्रिएटिव आर्टिस्ट एवं कोरियोग्राफर भरत शर्मा की प्रस्तुति में दिखने को मिली।

नृत्योत्सव



भरत शर्मा को नृत्य की विरासत उन्हें गुरु पंडित नरेंद्र शर्मा से मिली। भरत शर्मा ने बहुत कम उम्र में आधुनिक नृत्य को अपने पिता के सानिध्य में सीखा। राजधानी दिल्ली में क्रिएटिव डांस की परंपरा को जारी रखते हुए, उन्होंने सैकड़ों युवाओं को इस विधा से जोड़ा है।

दरअसल, पंडित नरेंद्र शर्मा के 96वें जन्मदिवस के अवसर पर एक नृत्य समारोह नरेन जयन स्टूडियो में हुआ। इसमें पहली पेशकश नर्तक भरत शर्मा की थी। उन्होंने 'अज्ञेय' की कुछ कविताओं पर नृत्य पेश किया। इस प्रस्तुति का संगीत उस्ताद जिया मुइउद्दीन डागर ने तैयार किया था। पृष्ठभूमि में काव्य पाठ 'अज्ञेय' के स्वर में था। 'अपलक हंसती रहना', 'पहले मैं एक सन्नाटा बुनता हूं', 'एक तनी हुई रस्सी जिस पर मैं नाचता हूं' काव्यांशों पर हस्त संचालन और भावों के जरिए भरत ने भावों को सुंदर अंदाज में पेश किया।

दूसरी पेशकश तिकड़ी थी। सत्तर के दशक के अमेरिकी कलाकार स्टीव रिख के संगीत पर इसकी परिकल्पना की गई थी। इसे शुभाशीष डे, उमेश बिष्ट और तुषार यादव ने पेश किया। इन कलाकारों ने अपने हाव-भाव, मुद्राओं और भंगिमाओं के जरिए जीवन यात्रा के संघर्ष को सिम्फनी की धुन पर बहुत सुंदर तरीके से उकेरा। महानगरीय जीवन की आपाधापी, नशे की लत, मानसिक तनाव और अन्य संघर्षों को दिखाते हुए, एक आम आदमी की एकल यात्रा को नृत्य के जरिए प्रदर्शित किया गया। इसका समाधान ध्यान और आत्मावलोकन है। इसी संदेश के साथ नृत्य को विराम दिया गया।

# पुलिसवाली हीरोइन कम ही चली है

श्रीशचंद्र मिश्र

*पांच साल पहले जांबाज पुलिस अफसर के रूप में फिल्म 'मर्दानी' से वापसी करने वाली रानी मुखर्जी दोबारा 'मर्दानी' वाले रूप में उतर रही हैं। शायद उन्हें लग रहा है कि वे पुलिस अफसर के चरित्र को ज्यादा विश्वसनीय तरीके से निभा सकती हैं। पिछली मर्दानी बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक रही थी। उत्साहित तो करीना कपूर भी कम नहीं हैं। पहली बार फिल्म अंग्रेजी मीडियम में वे खाकी वर्दी पहन रही हैं।*



यह पहला मौका नहीं था जब कोई हीरोइन खाकी वर्दी में आई। सबसे बड़ा फर्क नजरिए का रहा। पहले जिन फिल्मों में हीरोइन को पुलिस अफसर के रूप में दिखाया गया उनमें या तो महिला पुलिस अफसर को बाहुबली की तरह हवा में उछलते हुए गुंडों का सफाया करते हुए दिखाया गया अथवा भ्रष्ट राजनेता की सरेआम हत्या को उसका ध्येय बना दिया गया। जय गंगा जल में प्रियंका और मर्दानी में रानी मुखर्जी ने इस सिलसिले को तोड़ने की विफल कोशिश की। इससे धारणा बन गई है कि खाकी में हीरोइन नहीं फबती।

विश्लेषण

हीरोइनों को मर्दाना पहचान देने की कवायद पहले भी हुई है। मूक फिल्मों के दौर में स्टंट क्वीन व हंटरवाली के रूप में विख्यात फियरलेस नाडिया जब हैरतअंग्रेज तरीके से गुंडों की पिटाई करती थी तो लोग सम्मोहित हो जाते थे। शुरुआती दौर में दुर्गा खोटे ने राजपूतानी जैसे कुछ फिल्मों ने हीरोइन का साहसी रूप दिखाया। अन्याय का विरोध भी स्वयंसिद्धा, दुनिया ना माने जैसी कुछ फिल्मों में हीरोइनों ने किया। हीरोइनों का स्वाभिमानी, आत्मविश्वासी और आम केंद्रित रूप भी कई फिल्मों में दिखा। लेकिन उन्हें सुपर हीरोइन दिखाने की पहल अस्सी के दशक में हुई। दुबली-पतली कोमलांगी हीरोइनों का यह बदला हुआ रूप कई फिल्मों में हास्यास्पद भी साबित हुआ। जवाब हम देगें में श्रीदेवी, खलनायक व प्रेम दीवाने में माधुरी दीक्षित और अंधा कानून व फर्ज और कानून में हेमा मालिनी इन्हीं स्थितियों का शिकार हुईं। 'दस' में शिल्पा शेट्टी, 'डॉन' सीरिज की दोनों फिल्मों में प्रियंका चोपड़ा अंडर कवर पुलिस अफसर की भूमिका के साथ कुछ हद तक न्याय कर पाती हैं।

कुछ हद तक स्वाभाविकता रही फिल्म 'तेजस्विनी' में विजया शांति की भूमिका। अन्याय का प्रतिकार करने में किस कदर मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, इसका फिल्म में चित्रण था। 1988 में बनी 'जख्मी औरत' की पुलिस अफसर नायिका को अपनी जांबाजी की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। उससे सामूहिक बलात्कार होता है। वह व्यक्तिगत तौर पर प्रतिशोध नहीं लेती बल्कि बलात्कारियों को सबक सिखाने के लिए अपनी ही तरह की अभिशप्त महिलाओं के साथ मिल कर अपराधियों का बधिया करके सबक सिखाती है।

## खबर कोना

### आलिया एफ ने किया तीन फिल्मों का करार



बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी आलिया एफ ने निर्माता जय शिवाकरमणि के बैनर नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के साथ तीन-फिल्मों का करार किया है। प्रोडक्शन हाउस ने एक बयान में कहा कि अभिनेत्री की पहली फिल्म सैफ अली खान और तब्बू के साथ 'जवानी जानेमन' होगी। यह एक कॉमेडी फिल्म है जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एक आदमी अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयों का सामना करता है। आलिया एफ फिल्म में सैफ की बेटी का किरदार निभाएंगी, फिल्म में आलिया को लेने को बारे में निर्माता शिवाकरमणि ने कहा ह्यमैनें अपने मन की बात सुनी और आलिया को इस फिल्म में ले लिया। उनके साथ जवानी जानेमन में काम करने के बाद मुझे यह विश्वास हो गया कि आलिया अच्छे से जानती हैं कि उन्हें इस क्षेत्र में क्या करना है। बता दें कि यह फिल्म 29 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

### शाहरुख खान को एक हिट की दरकार



किंग खान को लंबे अरसे से एक सुपरहिट फिल्म की दरकार है। शाहरुख खान की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर विफल रही हैं। उनकी फ्लॉप फिल्मों से उनके प्रशंसकों में निराशा है, जिसे देखते हुए अभिनेता ने कहा कि वे अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह एक 'हिट फिल्म' साबित होगी। पिछले साल फिल्म 'जीरो' की विफलता के बाद बॉलीवुड अभिनेता ने अभी तक अपनी अगली फिल्म के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है। ट्विटर पर प्रशंसकों से बातचीत में शाहरुख ने बताया कि वह कुछ पटकथाओं पर काम कर रहे हैं। उनकी अगली फिल्म कब आएगी, इस सवाल पर शाहरुख ने कहा कि जब उन्हें सही कहानी मिलेगी, तब वह फिल्म लेकर आएंगे। वे हिट फिल्म पर काम कर रहे हैं। एक्शन फिल्म धूम के अगले भाग में काम करने की अफवाहों पर अभिनेता ने कहा कि सुना तो मैंने भी है, तुम्हें कुछ और खबर मिले तो बताना।

### अपने किरदार को लेकर उत्साहित हूं : कीर्ति



'द गर्ल ऑन द ट्रेन' के हिंदी संस्करण में ब्रिटिश सिपाही आलिया कौर के किरदार को लेकर अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी बहुत उत्साहित हैं। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2016 में आई इसी नाम की थ्रीलर फिल्म का रीमेक है जिसमें हॉलीवुड अभिनेत्री एमिली ब्लन्ट ने काम किया था। कीर्ति बताती हैं कि नेटफ्लिक्स इंडिया ऑरिजनल के शो 'बार्ड ऑफ ब्लड' में काम करने के बाद में रिभु दासगुप्ता के साथ उनका काम करने का अच्छा समीकरण बन गया था जिससे उन्हें यह किरदार निभाने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'यह अभी तक निभाया गया मेरा सबसे रोमांचक किरदार है। मुझे मिलने वाले सभी किरदारों को निभाने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं हमेशा से ऐसा ही काम करना चाहती थी। मेरे लिए मजेदार अनुभव रहा।' मुझे इस फिल्म में देखकर लोग हैरान रह जाएंगे।

### किसी खास भूमिका में नहीं बंधना चाहता : अली फजल



'फ्युरियस 7' और 'विक्टोरिया एंड अब्दुल' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में दिखने वाले अभिनेता अली फजल का कहना है कि हॉलीवुड में वह किसी खास तरह के किरदारों से नहीं बंधे रहना चाहते हैं। फिलहाल अली ने केनेथ ब्रनाग की 'डेथ ऑन नील' की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता का कहना है कि जब वह हॉलीवुड की किसी फिल्म को करने का निर्णय करते हैं तो उनकी कोशिश यही रहती है कि किसी भारतीय किरदार को लेकर बनी धारणा का ठप्पा उन पर नहीं लगे। उन्होंने कहा, मैं लगातार बहुत सारी फिल्मों के ऑडिशन नहीं दे रहा हूं। मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मुझे उस तरह की भूमिका नहीं दी जाए जिसमें एक भारतीय को सिर्फ महाराजा का किरदार निभाने को दिया जाए। मैं उसे कमतर दिखाने की कोशिश नहीं कर रहा हूं।

गुरु दत्त (9 जुलाई, 1925-10 अक्तूबर 1964)

# बिछड़े सभी बारी बारी

गणेशनंदन तिवारी



*सचिन* देव बर्मन, वहीदा रहमान, गुरु दत्त घनिष्ट रूप से एक दूसरे से जुड़े थे और समय के साथ सफलता हासिल कर रहे थे। पहले देव आनंद और फिर गुरु दत्त ने अपनी फिल्म कंपनियां खोली और व्यस्त होते चले गए। गुरु दत्त ने बतौर निर्देशक पहली फिल्म 'बाजी' (1951) बनाई तो उसमें बर्मन दादा का संगीत था। 'सीआइडी' (1956) के बाद गुरु दत्त निर्देशित एक भी फिल्म ऐसी नहीं रही जिसमें वहीदा रहमान न हो। मगर वक्त का सितम यह था कि एक एक करके सब व्यस्त होते और बिछड़ते चले गए।

हमारी याद आएगी

वाकया 1959 का है। बतौर निर्देशक गुरु दत्त की आखिरी फिल्म 'कागज के फूल' के दौरान संगीतकार सचिन देव बर्मन और गुरु दत्त के रिश्तों में खटास आ गई थी। बर्मन और गुरु दत्त इससे पहले 'बाजी' (1951), 'जाल' (1952) के अलावा 'प्यासा' (1957) जैसी क्लासिक फिल्म साथ कर चुके थे। 'कागज के फूल' बननी शुरू हुई, तो बर्मन दादा ने गुरु दत्त से कहा कि वह यह फिल्म न बनाएं। दादा नहीं चाहते थे कि गुरु दत्त यह फिल्म बना कर परेशानी मोल लें। एक शुभचिंतक के रूप में बर्मन दादा ने यह सलाह दी थी। उनका कहना था कि यह फिल्म मत बनाओ, यह तुम्हारी कहानी है। इस पर गुरु ने बर्मन दादा से कहा कि वह अपना काम करें और उन्हें अपना काम करने दें। त्रिपुरा के राजघराने से संबंध रखने वाले बर्मन दादा से इस अंदाज में कभी किसी ने बात नहीं की थी। यह बात उन्हें इतनी खटकी कि उन्होंने तय किया कि वह फिर कभी गुरु दत्त की फिल्म में काम नहीं करेंगे। और फिर कभी दोनों ने साथ काम नहीं किया।

गुरु दत्त 'बाजी', 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55' जैसी हिट फिल्में बना चुके थे। उन्होंने 'बाजी' से निर्देशक के रूप में शुरुआत की थी, जिसके निर्माता देव आनंद थे और बर्मन दादा संगीतकार। 'बाजी' ने सामाजिक अपराध फिल्मों का दौर शुरू किया था। गुरु दत्त 1954 में 'आर पार' से निर्माता बने, जो फिल्म हिट थी। बतौर निर्माता दूसरी फिल्म 'सीआइडी' में उन्होंने वहीदा रहमान को मौका दिया था।

गुरु दत्त की नियति थी कि एक के बाद एक उन्हें उनसे दूर होते चले गए। यहां तक कि उनकी पत्नी गीता दत्त भी उनके साथ रहने के बजाय अलग फ्लैट में रहने लगी थीं। गुरु धीरे-धीरे दत्त निहायत अकेले हो गए थे। 1956 की 'सीआइडी' के बाद देव आनंद इतने व्यस्त हुए कि गुरु दत्त ने फिर उनके साथ काम नहीं किया। उसके बाद गुरु दत्त ने आधा दर्जन फिल्में बनाईं। सभी में वह खुद ही हीरो थे।1959 की 'कागज के फूल' के बाद बर्मन दादा और गुरु दत्त ने फिर कभी साथ काम नहीं किया। 1962 में 'साहिब बीवी और गुलाम' के बाद वहीदा रहमान और गुरु दत्त एक दूसरे से दूर हो गए। वहीदा उनके लिए शुभंकर थी और वह उनसे दूर जा चुकी थी।

1959 की 'कागज के फूल' बनाने के बाद गुरु दत्त निर्देशक के रूप में खत्म हो गए थे। उन्होंने फिर कोई फिल्म निर्देशित नहीं की। उनकी कंपनी में बेहतरीन फिल्में बनी, मगर वे गुरु दत्त ने दूसरे निर्देशकों से निर्देशित करवाईं। जैसे एम सादिक से 'चौदहवीं का चांद', (1960) अपने लेखक अबरार अल्वी से 'साहिब बीवी और गुलाम' (1962) तथा शाहिद लतीफ (इस्मत चुगताई के शौहर) से 'बहारें फिर भी आएंगी' (1966) बनवाई। गुरु दत्त की मौत के कारण 'बहारें फिर भी आएंगी' लटक गई। तब उनकी जगह धर्मेंद्र को साइन किया गया। गुरु दत्त ने जिन दृश्यों की शूटिंग थी, उन दृश्यों को धर्मेंद्र पर फिर से फिल्माया गया। मगर फिल्म पिट गई।

गुरु दत्त की 'लव एंड गॉड' भी उनकी मौत के कारण लटकी तो के आसिफ ने गुरु दत्त के स्थान पर संजीव कुमार को मजनूं बना दिया। इसे बनने में 23 साल लगे। निर्माता केसी बोकाड़िया की कोशिशों से जब फिल्म रिलीज हुई तब तक गुरु दत्त, संजीव कुमार ही नहीं इसके निर्देशक के आसिफ का भी इंतकाल हो चुका था।

# फोर्टिस के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर सहित चार गिरफ्तार

**पेज 1 का बाकी**

सीएमडी सुनील गोधवानी (58), कवि अरोड़ा (48) और अनिल सक्सेना (51) को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही शिविंदर के फरार चल रहे बड़े भाई मालविंदर के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया गया है। फिलहाल आर्थिक अपराध शाखा शिविंदर, उनके भाई और अन्य लोगों के खिलाफ रेलिगेयर फिनवेस्ट की एक शिकायत की जांच कर रही है, जिसमें रकम इधर-उधर करने और गबन का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) ओपी मिश्रा ने कहा कि दोनों भाइयों ने बिना वित्तीय हैसियत की अपने नियंत्रण वाली कंपनियों को कर्ज की राशि देकर आरएफएल को खराब वित्तीय हालत में रखा। जिन कंपनियों को कर्ज की राशि दी गई उन्होंने जानबूझकर पैसा वापस लौटाने से इनकार कर दिया, जिससे आरएफएल को 2,397 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

मिश्रा ने बताया कि रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के वरिष्ठ प्रबंधक मनप्रीत सिंह सूरी ने बीती 27 मार्च 2019 को शिविंदर और उनके भाई समेत तीन अन्य लोगों पर कंपनी के 740 करोड़ रुपए के फंड में हेराफेरी और गबन का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच उपायुक्त वर्षा शर्मा कर रही थीं। छानबीन करने के बाद गुरुवार को पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, ईडी भी अगस्त महीने में दोनों भाइयों के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी कर चुकी है। यह छापेमारी पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) के तहत दर्ज एक केस के सिलसिले में की गई थी।

शिकायत में कहा गया था कि कामकाज संभालने के बाद नए बोर्ड और प्रबंधन ने पाया कि आरईएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है। इस पर उन्होंने आंतरिक जांच की तो पाया कि इस खराब माली हालत का कारण काफी हद तक बड़ी मात्रा में दिए गए बगैर किसी गारंटी के दिए गए असुरक्षित कर्ज और इनके भुगतान में जानबूझकर की गई चूक थी। ये कर्ज आरएफएल से ऐसी इकाइयों को दिए गए जो या तो प्रवर्तकों से जुड़ी थीं या उन पर प्रवर्तकों का नियंत्रण था।

बताया जा रहा है कि दोनों भाई साल 2008 में अपने पिता द्वारा स्थापित की गई देश की जानी मानी रैनबैक्सी कंपनी को जापानी कंपनी दाइची सैंक्यो को बेच दिया था। इसके बाद से दोनों फोर्टिस हेल्थकेयर (हॉस्पिटल चेन) और रेलिगेयर इंटरप्राइजेज (फाइनेंसियल सर्विस फर्म) को संभाल रहे थे। रैनबैक्सी कंपनी खरीदने के बाद जापानी कंपनी को पता चला था कि कंपनी के खिलाफ अमेरिका के खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच चल रही थी। यह बात इन्होंने कंपनी के सौदे के वक्त छुपाई थी। इसकी शिकायत सिंगापुर ट्रिब्यूनल में की थी।

इसी बीच 21 दिसंबर, 2018 को सिंगापुर हाइ कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के उस फैसले को सही ठहराया था, जिसमें सिंह बंधुओं से दाइची सैंक्यो को 3,500 करोड़ रुपए चुकाने के लिए कहा गया था। दाइची कंपनी भी रैनबैक्सी को सनफार्मा कंपनी को बेच चुकी है। बताया जाता है कि सिंह बंधु जिस समय दाइची सैंक्यो के साथ कानूनी लड़ाई में उलझे हुए थे, उस समय उनके बीच आपस में ही विवाद पैदा हो गया। शिविंदर ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के समक्ष कहा था कि मालविंदर और रेलिगेयर के पूर्व प्रमुख सुनील गोधवानी ने रेलिगेयर फिनवेस्ट से 750 करोड़ रुपए और फोर्टिस हेल्थकेयर से 473 करोड़ रुपए निकालकर आरएचसी होल्डिंग को पहुंचाने की साजिश रची थी।

चीन की कश्मीर पर नजर के जवाब में कांग्रेस की सलाह

# प्रधानमंत्री कहें, हमारी नजर हांगकांग पर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दौरे से पहले कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी को सलाह दी कि यदि चीन कहता है कि उसकी नजर कश्मीर पर है तो प्रधानमंत्री क्यों नहीं कहते कि भारत की नजर हांगकांग पर है। पार्टी ने चीन को भारत के आंतरिक मामलों पर सवाल उठाने से रोकने में विफल रहने पर राजग सरकार की आलोचना की।

पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने ट्विटर पर कहा, 'शी जिनपिंग कहते हैं कि उनकी नजर जम्मू-कश्मीर पर है, तो प्रधानमंत्री मोदी या विदेश मंत्रालय क्यों नहीं कहता कि भारत हांगकांग में लोकतंत्र को लेकर जारी प्रदर्शन का मुंह बंद किया जाना देख रहा है। हम शिंजियांग में हो रहे मानवाधिकार के उल्लंघन, तिब्बत और दक्षिण चीन सागर में चीन के दखल पर नजर बनाए हुए हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा कि जब चीन पीओके और उसे वापस लेने की बात बार-बार करता है तो भारत चीन से अक्साई चिन के बारे में पूछे, जिसे पाकिस्तान ने अवैध रूप से उसे दे दिया। तिवारी ने पूछा कि जिस तरह चीन कश्मीर मुद्दा उठाता रहता है उसी तरह भारत क्यों नहीं शिंजियांग में मानवाधिकार उल्लंघन का मुद्दा उठाता।

उन्होंने कहा कि राजग/भाजपा में सभी पाक अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान को पाक से वापस लेने के लिए जोर-शोर से बात करते हैं लेकिन उनमें से किसी में भी यह कहने की हिम्मत नहीं है कि हम चीनियों से अक्साई चिन वापस लेंगे जो 1963 में पाकिस्तान द्वारा उसे अवैध रूप से दे दिया गया था। क्या भारत का प्रधानमंत्री कार्यालय शी के समक्ष अक्साई चीन की वापसी का मुद्दा उठाएगा?

# महाराष्ट्र व हरियाणा में राहुल करेंगे चुनाव प्रचार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे 13 और 15 अक्तूबर को महाराष्ट्र में जनसभाओं को संबोधित करेंगे जबकि 14 को हरियाणा के सिरसा और मेवात में रैलियां करेंगे।

पिछले कुछ दिनों से विदेश यात्रा पर गए राहुल भारत लौट आए हैं। वे गुरुवार को सूरत की एक अदालत में मानहानि के एक मामले में पेश हुए। उन्होंने ट्वीट कर इस पेशी की जानकारी दी और कहा कि उनके विरोधियों ने उनकी आवाज बंद करने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा किया है। राहुल ने सत्यमेव जयते लिखकर यह संदेश भी देने की कोशिश की कि वे सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे रहे हैं जिसमें उनकी जीत होगी।

इस बीच पार्टी सूत्रों ने पुष्टि की है कि राहुल महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में तीन नेताओं की रिहाई

**पेज 1 का बाकी**

चुके हैं, जबकि लोन ने कांग्रेस के टिकट से उत्तर कश्मीर से चुनाव लड़ा था। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बाद में कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्हें पीपुल्स कॉन्फ्रेंस प्रमुख सज्जाद लोन का करीबी माना जाता है। वहीं नूर मोहम्मद नेशनल कांफ्रेंस के कार्यकर्ता हैं।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि रिहा किए जाने से पहले नूर मोहम्मद एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर शांति बनाए रखने और अच्छे व्यवहार का वादा करेंगे। इससे पहले राज्यपाल प्रशासन ने पीपुल्स कांफ्रेंस के इमरान अंसारी और सैयद अखून को स्वास्थ्य कारणों से 21 सितंबर को रिहा किया था।

# अखाड़ा परिषद ने चिन्मयानंद का समर्थन किया

**पेज 1 का बाकी**

रहे हैं जो संतों को बदनाम कर रहे हैं। हम इन गिरोह से अब डरेंगे नहीं, हम इनसे लड़ने के लिए तैयार हैं। इस बीच, शाहजहांपुर की एक अदालत ने चिन्मयानंद से पांच करोड़ रुपए रंगदारी मांगने के आरोप में जेल में बंद दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी जबकि एक अन्य आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई की तारीख 15 अक्तूबर तय की। चिन्मयानंद के वकील ओम सिंह ने बताया कि जिला जज रामबाबू शर्मा की अदालत में गुरुवार विक्रम, सचिन और संजय के अधिवक्ता प्रमोद तिवारी ने जमानत अर्जी दाखिल की थी। उन्होंने बताया कि रंगदारी मांगने के आरोपी विक्रम और सचिन की जमानत अर्जी जिला जज रामबाबू शर्मा ने खारिज कर दी।

# लश्कर के चार शीर्ष सरगना गिरफ्तार

**पेज 1 का बाकी**

उद दावा के गुरुवार को गिरफ्तार किए गए शीर्ष चार नेताओं के नाम प्रोफेसर जफर इकबाल, याहिया अजीज, मुहम्मद अशरफ तथा अब्दुल सलाम हैं। पेरिस में 12 से 15 अक्तूबर तक फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की होने वाली पूर्ण बैठक से पहले यह कार्रवाई की गई है। पेरिस स्थित एफएटीएफ ने पिछले साल जून में पाकिस्तान को ग्रे सूची में डाल दिया था। उसे अक्तूबर 2019 तक पूरा करने के लिए एक कार्ययोजना सौंपी गई थी। इसमें विफल रहने पर उसे ईरान तथा उत्तर कोरिया के साथ काली सूची में डाले जाने की चेतावनी दी गई थी।

आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय कार्ययोजना (एनएपी) में महत्त्वपूर्ण प्रगति देखी गई है और प्रतिबंधित जमात तथा लश्कर के शीर्ष पदाधिकारियों को सीटीडी पंजाब ने आतंकवाद के लिए आर्थिक मदद देने के आरोपों में गिरफ्तार किया है। सीटीडी ने कहा कि लश्कर ए तैयबा/जमात उद दावा प्रमुख हाफिज सईद आतंकवाद के वित्तपोषण के अपराध के मामले में मुकदमा का सामना कर रहे हैं और जेल में हैं। अब जमात/लश्कर के पूरे शीर्ष नेतृत्व पर मुकदमा चलेगा। विभाग ने कहा कि सीटीडी पंजाब आतंकवाद के वित्तपोषण के अपराधों की जांच कर रही है जहां इन आरोपियों ने आतंकवाद के वित्तपोषण के जरिए मिले धन का इस्तेमाल कर संपत्तियों का निर्माण कर लिया था।

# संघ कार्यकारी मंडल की बैठक 17 से भुवनेश्वर में

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक 17-19 अक्तूबर को भुवनेश्वर में आयोजित की जा रही है। इसमें साल में संघ के कार्यों, योजनाओं की समीक्षा करने के साथ देश की वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख अरुण कुमार ने बताया कि भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली इस बैठक में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ करीब 24 अनुषंगी संगठनों के प्रमुख भाग लेंगे।

उन्होंने साथ ही स्पष्ट किया कि इस बैठक में कोई निर्णय या घोषणा नहीं की जाएगी। इसमें साल भर में संघ से जुड़े हर संगठन ने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार क्या काम किया, उनकी क्या उपलब्धि रही, इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा आने वाले समय में उन्हें क्या करना है, इसका वर्णन किया जाएगा। इस तरह की बैठक साल में दो बार की जाती है।

संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में निर्णय लिए जाते हैं जिसमें करीब 1400 सदस्य भाग लेते हैं। भुवनेश्वर में होने वाली कार्यकारी मंडल की बैठक में करीब 300 सदस्यों के भाग लेने की संभावना है। बैठक में संघ प्रमुख (सर संघचालक) मोहन भागवत, सर कार्यवाह भैयाजी (सुरेश) जोशी समेत संघ के सभी प्रमुख पदाधिकारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा हर प्रांत से प्रांत संघचालक, प्रांत प्रचारक और प्रांत कार्यवाह समेत पांच-पांच पदाधिकारी शामिल होंगे।

इस बैठक में संस्कार भारती, मजदूर संघ, विद्या भारती, विज्ञान भारती, मजदूर संघ व अन्य संगठनों के अलावा भाजपा के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। अरुण कुमार ने बताया कि कोई इलग से बैठक का एजंडा नहीं है लेकिन संघ के सूत्रों ने बताया कि इसमें जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 को समाप्त करने, तीन तलाक, राष्ट्रीय नागरिक पंजी, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इसमें राम मंदिर पर भी चर्चा होगी जो विषय अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

# 'आतंकी संगठनों का वित्तपोषण बंद हो'

**पेज 1 का बाकी**

दे पाते हैं। महासभा की छठी समिति की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव/कानूनी सलाहकार येड्ला उमाशंकर ने बुधवार को यह बात कही। बैठक का विषय था 'अंतराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के उपाय'। उमाशंकर ने कहा कि आतंक के वित्तपोषण को खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफटीएफए) के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। भारत की टिप्पणी तब आई है जब पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंक निरोधी समिति से अनुरोध किया था कि मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को बुनियादी खर्चे के लिए उसे बैंक खाते से पैसा निकालने की इजाजत दी जाए। सईद को संयुक्त राष्ट्र ने आतंकी घोषित किया हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक किसी भी देश को आतंकी घोषित किए गए लोगों के सभी आर्थिक स्रोतों, अन्य वित्तीय संपत्तियों और कोषों पर रोक लगाना होती है। उमाशंकर ने कहा, 'संरा महासभा में बीते एक दशक से वैश्विक आतंक निरोधी रणनीति (जीसीटीएस) को लेकर चर्चा हो रही है लेकिन जमीन पर इसका कुछ विशेष प्रभाव नहीं रहा।

# गुप्ता परिवार पर अमेरिकी पाबंदी

**पेज 1 का बाकी**

और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने में उठाया। अमेरिका के वित्त विभाग की सूची में अजय गुप्ता, अतुल गुप्ता, राजेश गुप्ता और उनके सहयोगी सलीम ईसा को दक्षिण अफ्रीका में भ्रष्टाचार में संलिप्तता के लिए शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका में भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच गुप्ता परिवार दुबई स्थानांतरित हो गया था।

विभाग ने कहा कि अजय इस परिवार का मुखिया है, वही परिवार की भ्रष्ट कारोबारी नीतियां तैयार करता है और वित्तीय मामले संभालता है। अतुल को भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों तक गुप्ता परिवार की पहुंच के लिए जाना जाता है। राजेश दक्षिण अफ्रीका के ताकतवर राजनेताओं के बेटों से महत्त्वपूर्ण रिश्ते जोड़ता था और दक्षिण अफ्रीका के उस प्रांत में कारोबार और संबंध जोड़ने की कोशिश करता, जहां भ्रष्टाचार व्याप्त था।

विभाग ने आरोप लगाया कि गुप्ता परिवार का कारोबारी सहयोगी सलीम ईसा भ्रष्टाचार के नेटवर्क में सामग्री मुहैया कराने, चीजें प्रायोजित करने और वित्तीय व तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम देखता है। विभाग ने कहा कि प्रतिबंधों की घोषणा दक्षिण अफ्रीका में कानून के शासन और जवाबदेही के समर्थन में अमेरिकी सरकार की अडिग प्रतिबद्धता दिखाती है।

विभाग ने कहा, 'हम दक्षिण अफ्रीका की स्वतंत्र न्यायपालिका, पुलिस व जांच एजंसियों और न्यायिक जांच आयोग के प्रयासों का समर्थन करते हैं। इसके साथ ही हम दक्षिण अफ्रीका के नागरिक समूह कार्यकर्ताओं, खोजी पत्रकारों और मामले को उजागर करने वालों के असाधारण काम की भी तारीफ करते हैं जिन्होंने गुप्ता परिवार के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया।' विभाग ने कहा कि विदेश संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने दक्षिण अफ्रीका के महत्त्वपूर्ण भ्रष्टाचार नेटवर्क के सदस्यों को प्रतिबंधित किया है।

# 150 ट्रेनें और 50 स्टेशन निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

**पेज 1 का बाकी**

व्यवस्था में आए बदलावों के बाद लागू करने का फैसला लिया गया है। मालूम हो कि हाल ही में सरकार ने देश के 6 हवाई अड्डों को निजी हाथों में सौंपा था। इसी तर्ज पर रेल मंत्रालय ने भी स्टेशन व ट्रेन को निजी क्षेत्र को सौंपने की तैयारी की है। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले में जो कार्य दल गठित किया गया है, वह इस योजना का खाका तैयार करेगा और जल्द ही अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप देगा। इस कार्य के लिए जो टीम बनाई गई है, इसमें नीति आयोग, रेलवे बोर्ड सचिव, आर्थिक मामलों से संबंधित मंत्रालय के अधिकारी और आवास व शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम एक निश्चित समय सीमा के अंदर ट्रेन व रेलवे स्टेशन के संबंध में अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी।

रेल मंत्रालय पहले ही 150 ट्रेन को निजी संचालन में देने का फैसला कर चुका है। विशेष समूह इस मामले में भी अपनी राय देगा। इस योजना को जल्द से जल्द लागू किया जा सके, इसके लिए सदस्य रेलवे बोर्ड को तालमेल स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रेल मंत्रालय ने निजीकरण की शुरुआत दिल्ली-लखनऊ मार्ग पर तेजस एक्सप्रेस को निजी हाथों में सौंपने के साथ की थी, यह कार्य आइआरसीटीसी को सौंपा गया है।

# निजीकरण का कर्मचारियों ने किया विरोध

**पेज 1 का बाकी**

हुई बैठक में एनएफआइआर के पदाधिकारियों ने पुरजोर ढंग से इन मसलों को उठाया। फेडरेशन के महामंत्री राघवैया ने रेल मंत्री को एक ज्ञापन भी दिया जिसमें रेल मंत्रालय के प्रस्तावों, कर्मचारी उन्नयन, कुछ श्रेणियों के मामले में सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन की मांग की।

फेडरेशन के मीडिया सचिव एसएन मलिक ने बताया कि महामंत्री डा एम राघवैया ने रेलवे मंत्रालय के मनमाने फैसलों परअपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि रेलवे की कर्मचारी विरोधी नीतियों का यह आलम है कि गाड़ियों को निजी ऑपरेटरों को सौंपा जा रहा है। उत्पादन इकाइयों का निगमीकरण किया जा रहा है व रेलवे गतिविधियों की आउटसोर्सिंग व निजीकरण किया जा रहा है। कार्यशालाओं व प्रिंटिंग प्रेसों को बंद करने के फैसले भी इसमें शामिल हैं। डा एम राघवैया ने कहा कि रेलवे और रेल कर्मचारियों के हित में अंतिम विचार करने के मकसद से ऐसे सभी प्रस्तावों पर पहले कर्मचारियों से विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। राघवैया ने रेल मंत्री से यह भी कहा कि स्वस्थ औद्योगिक संबंधों के संरक्षण के लिए ऐसे सभी प्रस्तावों पर पूर्व परामर्श होना आवश्यक है। इस पर रेल मंत्री ने भी अपनी सहमति दी है।

एनएफआइआर की बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य और अन्य अधिकारियों के साथ अध्यक्ष गुमान सिंह ने भी हिस्सा लिया। रेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि किसी भी तरह का नीतिगत निर्णय लेने से पहले विचार-विमर्श किया जायगा और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को सलाह दी कि इस पर ध्यान दिया जाए। रेल मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि प्रस्तावों से संबंधित आवश्यक विवरण एनएफआइआर को उपलब्ध कराया जाएगा। संगठन के मीडिया सचिव एसएन मलिक ने बताया कि रेलवे की आय और रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के सुझाव के संबंध में कहा कि भारतीय रेलवे की आय बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श और आगे की चर्चा के लिए रेल मंत्रालय के सामने एनएफआइआर की ओर से वैध सुझाव रखे जाएंगे।

# ओल्गा तोकार्चुक, पीटर हंडके को साहित्य का नोबेल

**पेज 1 का बाकी**

उपन्यासकार और पटकथा लेखक पीटर हंडके को 2019 के लिए यह पुरस्कार दिया गया। स्वीडिश अकादमी ने यह जानकारी दी।

तोकार्चुक को अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली उपन्यासकार माना जाता है। उन्हें यह सम्मान, 'उस विमर्श की परिकल्पना के लिए दिया गया है जो जीवन के एक स्वरूप की हदें लांघने की विश्वव्यापी चाहत का प्रतिनिधित्व करती है।' अकादमी ने कहा कि दूसरी तरफ हंडके ने 'उस प्रभावशाली काम के लिए यह पुरस्कार जीता जो भाषाई सरलता के साथ इंसानी अनुभवों की विशिष्टता की परिधि को टटोलती है।' अकादमी ने कहा कि हंडके ने दूसरे विश्वयुद्ध के बाद खुद को सबसे प्रभावशाली लेखकों में से एक के तौर पर स्थापित किया है। अकादमी के बयान में कहा गया कि उनके काम नए तरीकों की खोज की इच्छा और उन खोजों को जीवन से जोड़ने के लिए नई साहित्यिक अभिव्यक्तियों के जरिए व्यक्त करने की मजबूत उत्कंठा से भरे हैं। तोकार्चुक और हंडके दोनों को पुरस्कार के तौर पर 9.12 लाख अमेरिकी डालर मिलेंगे। तोकार्चुक यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाली 15वीं महिला हैं। 1901 से अब तक कुल 116 लोगों को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया जा चुका है। पिछले साल अकादमी तब विवादों में घिर गई थी जब अकादमी से करीब से जुड़े जीन-क्लाउड अर्नाल्ट को 2018 में दुष्कर्म के मामले में जेल हुई। अकादमी के सदस्य इस बात को लेकर दो फाड़ थे कि उनके साथ अपने संबंधों को किस तरह प्रबंधित किया जाए। इस विवाद ने इसके 18 सदस्यों के बीच योजनाओं, हितों के टकराव, उत्पीड़न और मौन की संस्कृति को उजागर कर दिया।

# सहकारी बैंकों के नियमन पर गठित होगी समिति

**पेज 1 का बाकी**

के ग्राहकों से मुलाकात की। वित्त मंत्री ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में सहकारी बैंकों का कामकाज बेहतर बनाने के लिए विधायी सुझाव देने वाली समिति के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी समझा गया तो सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में सहकारी बैंकों के नियमन में संशोधन का विधेयक लेकर आएगी। पंजाब एंड महाराष्ट्र सहकारी बैंक (पीएमसी) में 4,500 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से लोगों के पैसे की निकासी पर कुछ पाबंदियां लगा दी हैं। इसके चलते बैंक के ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सेवा विभाग तथा आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव जल्दी ही रिजर्व बैंक के एक डिप्टी गवर्नर से मुलाकात करेंगे और बहुराज्यीय सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में खामियों पर चर्चा करेंगे। वे देखेंगे कि क्या कानूनों में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आर्थिक मामलों, वित्तीय सेवाओं, ग्रामीण मामलों, शहरी विकास मंत्रालय के सचिवों और रिजर्व बैंक के एक डिप्टी गवर्नर को मिलाकर एक समिति गठित की जाएगी, जो कानून में बदलाव के सुझाव देगी। सीतारमण ने कहा कि वे इस तरह की घटनाओं के दोहराव को रोकने वाला नियामक को मजबूती देने के लिए आवश्यक विधायी कदमों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि वे यह मानकर नहीं चल रही हैं कि मौजूदा कानून में कोई खामी है लेकिन समिति इसका अध्ययन करेगी और यदि आवश्यक हुआ तो संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में जरूरत के अनुरूप संशोधन लेकर आएगी।

सहकारी बैंकों के साथ कई चिंताएं जुड़ी हैं। राजनेता या अन्य प्रभावशाली लोग बैंकिंग नियमों को धता बताकर फंसे कर्ज का बोझ बढ़ाते हैं और खाताधारकों की मेहनत से जमा की गई पूंजी को खतरे में डाल देते हैं। पिछले दो दशकों में कई सहकारी बैंक विफल रहे हैं और पीएमसी बैंक ऐसे सबसे बड़े बैंकों में से एक है। घोटाले के सामने आने के बाद पिछले महीने रिजर्व बैंक ने पीएमसी ग्राहकों को सिर्फ एक हजार रुपए तक निकासी करने की छूट दी थी जिसे बाद में विरोध के चलते बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दिया गया। बैंक ने बांटे गए कुल कर्ज का अकेले 70 फीसद हिस्सा लगभग दिवालिया हो चुकी एचडीआइएल को कर्ज के रूप में दिया था।

सीतारमण 21 अक्तूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के संबंध में यहां संवाददाता सम्मेलन करने वाली थीं। इसकी सूचना पाकर पीएमसी के नाराज उपभोक्ता भाजपा कार्यालय के बाहर जमा हो गए। सीतारमण ने कहा कि वे पीएमसी के उपभोक्ताओं के हितों के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास से बातचीत करेंगी और उन्हें उपभोक्ताओं की दिक्कतों से अवगत कराएंगी।

# कड़वी साबित हुई करवाचौथ स्पेशल

**पेज 1 का बाकी**

पर विवाहित जोड़ों को ही जानी की इजाजत थी। इसके लिए आइआरसीटीसी की तरफ से विशेष इंतजाम किए गए थे। इसमें विशेषतौर पर स्नान कक्ष और पैरों मसाज की सुविधा शामिल थी। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की थी।

आइआरसीटीसी के मुताबिक इस समय में बड़ी संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक राजस्थान की कला व संस्कृति जानने के लिए राजस्थान पहुंचते हैं। इस दौरान राजस्थान में कई प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं।

इन आयोजन को ध्यान में रखकर यह टूर पैकेज तैयार किया गया था। यह यात्रा 14 अक्तूबर को सफदरजंग स्टेशन से होनी थी। इसके तहत यात्रियों के राजस्थान में जैसलमेर किला, पटवन की हवेली, गड़ीसर झील, मेहरानगढ़ किला, जसवंत थड़ा, अम्बेर किला और सिटी पैलेस जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराने की योजना था। यह भ्रमण 5 दिन और 4 रातों का था। माना जा रहा है कि इस ट्रेन का अधिक किराया कम यात्री आने की बड़ी वजह हो सकता है। इसका आकलन किया जाएगा। इस यात्रा के लिए प्रति दंपति इसका किराया वातानुकूलित श्रेणी प्रथम में 1,02,960 रुपए और एसी टू टीयर में 90,090 रुपए था। रेलवे के मुताबिक दोनों दंपतियों के जल्द ही वसूला गया किराया वापस लौटाया जाएगा।

# सहयोग व साझेदारी के रास्ते तलाशेंगे मोदी-शी

**पेज 1 का बाकी**

द्विपक्षीय संबंधों एवं अनेक क्षेत्रों में सहयोग के विकास की दिशा पर दिशानिर्देशक सिद्धांत शामिल हैं। उधर, जिनपिंग के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए शुक्रवार को रवाना होने से पहले यहां सरकारी मीडिया ने कहा कि उनकी मुलाकात में इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि सहयोगात्मक साझेदारी बनाने के लिए ऐतिहासिक तथा मौजूदा मतभेदों से आगे कैसे बढ़ा जाए। शी शुक्रवार तड़के बेजिंग से रवाना हो सकते हैं और दोपहर बाद चेन्नई पहुंचेंगे।

चीन के उप विदेश मंत्री लुओ झाओहुई ने कहा कि दोनों पक्षों के अधिकारियों ने शिखर वार्ता के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने कहा कि अब ठोस आधार तैयार कर लिया गया है। दोनों पक्षों के संयुक्त प्रयासों से राष्ट्रपति शी की भारत यात्रा पूरी तरह सफल होगी और द्विपक्षीय संबंधों की आगे प्रगति की दिशा तय करेगी। इससे दोनों पक्षों के बीच सहयोग के आदान-प्रदान में नई प्रगति होगी तथा सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात पूरी दुनिया को चीन और भारत का यह सुसंगत संदेश एक बार फिर भेजेगी तथा अनिश्चितता से भरी दुनिया में स्थिरता एवं सकारात्मक ऊर्जा भरेगी। लुओ ने कहा कि यह एक अनौपचारिक बातचीत है, इसलिए दोनों नेताओं को बिना किसी निर्धारित विषय के विचारों के मुक्त आदान-प्रदान के लिए सहज माहौल मिलेगा। इस मुलाकात में कोई करार होने की भी संभावना नहीं है।

शुक्रवार शाम से मोदी और शी की कई मुलाकातें हो सकती हैं। इनमें अधिकतर में उनके साथ केवल उनके दुभाषिये होंगे। इन बैठकों में दोनों नेता चीन-भारत संबंधों को आगे ले जाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे जिनमें खासकर भारत में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद भारत के खिलाफ पाकिस्तान के अभियान को बेजिंग के समर्थन को लेकर विपरीत परिस्थितियां पैदा हो गई थीं।

लुओ ने जहां यात्रा को लेकर अत्यंत सकारात्मक टिप्पणी की, वहीं सरकारी स्वामित्व वाले चाइना डेली ने भी आश्चर्यजनक तरीके से गुरुवार को लिखा कि शी की दो दक्षिण एशियाई पड़ोसियों भारत और नेपाल की यात्रा की आधिकारिक घोषणा अनौपचारिक वार्ता से महज 48 घंटे पहले होना इस बात का प्रमाण है कि भारत और चीन के शीर्ष नेताओं के बीच आपसी तालमेल के जरिए द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के अवसर का लाभ उठा सकते हैं। अखबार ने स्पष्ट रूप से लिखा, 'बेजिंग और नई दिल्ली दोनों ने घोषणा की कि बैठक होगी। उन्होंने पहले चल रही इस अटकल को खारिज कर दिया कि दोनों नेता किसी भी मुलाकात को स्थगित कर देंगे। उन्होंने यह संदेश भेजा है कि वे सकारात्मक साझेदारी के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आने देना चाहते।'

## दरअसल



